<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>29.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे</u>

<u>मतदान प्रतिशत</u>

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के दूसरे चरण का चुनाव कल संपन्न हो गया। इस दौरान मतदान 80 प्रतिशत रहा। प्रदेश में अब तक हुए पंचायतीराज चुनावों में ये सर्वाधिक मतदान है। दूसरे चरण के तहत प्रदेश की कुल एक हजार 2 सौ 79 पंचायतों में वोट डाले गए।

पंचायती राज चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेशभर में मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। खासकर बुजुर्ग मतदाताओं और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में जोरदार उत्साह दिखाया। इस दौरान कुल्लू जिला में सर्वाधिक 86 प्रतिशत जबकि सबसे कम लाहौल स्पिति में मतदान दर्ज किया गया। पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी मतदान में महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। कुल्लू जिला में सर्वाधिक महिला मतदान दर्ज किया गया जो लगभग 86 प्रतिशत रहा। पंचायत स्तर पर सोलन जिला के नालागढ़ के ढेला पंचायत में सबसे अधिक 96 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। 9 जिलों में महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत पुरूष मतदाताओं से ज्यादा रहा। यह मतदान प्रतिशत वर्ष 2021 के चुनाव के दूसरे चरण की तुलना में चार प्रतिशत अधिक रहा। प्रधान, उप प्रधान और वार्ड सदस्य के नतीजे देर रात घोषित किए गए है। प्रादेशिक समाचारों के लिए समाचार कक्ष से मैं पूनम भारद्वाज।

<u>तीसरा चरण</u>

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के लिए कल 30 मई को होने वाले मतदान के लिए सक्रिय चुनाव प्रचार कल समाप्त हो गया। इसके बाद अब उम्मीदवार घर–घर जाकर व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं से वोट मांग कर अपनी–अपनी जीत पक्की करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश में तीसरे चरण में एक हजार एक सौ 87 पंचायतों में प्रधान, उप प्रधान और सरपंचों का चयन होगा। इस दौरान इन पंचायतों में जिला परिषद और पंचायत समिति के सदस्यों के लिए भी वोट डाले जाएंगे। जिला परिषद पंचायत समितियों और चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला के वोटों की गिनती 31 मई को होगी और इसी दिन चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

<u>नड्डा</u>

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नडडा का कल 30 मई को हिमाचल दौरे पर आने का कार्यक्रम है। इस दौरान वे बिलासपुर जिला के विजयपुर में पंचायत चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने बताया कि नड्डा राजकीय प्राथमिक पाठशाला विजयपुर स्थित अपने बूथ पर परिवार सहित मतदान करेंगे। कल पंचायती राज संस्थाओं के तीसरे और आखिरी चरण का मतदान होगा। यह चुनाव सुबह सात बजे शुरू होगा जो दोपहर बाद तीन बजे तक चलेगा।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग को राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने शिमला में कहा कि सरकार प्रत्येक विधानसभा में कम से कम एक ऐसा स्कूल स्थापित करने का प्रयास कर रही है जिससे दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। इन स्कूलों में प्री प्राईमरी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक समग्र शिक्षा प्रदान की जाएगी और इनमें स्मार्ट कक्षाएं, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, स्विमिंगपूल और अन्य आधुनिक सुविधाओं सहित आधारभूत ढांचा उपलब्ध करवाया जाएगा।

<u>मादक द्रव्य</u>

चम्बा जिले में नशे एवं नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। नशीली दवाओं, मादक द्रव्यों की रोकथाम तथा उनकी धरपकड़ हेतु कार्यतंत्र को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन ने आवश्यक पग उठाए हैं। वहीं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने–अपने कार्यक्षेत्र में, विशेष रूप से स्कूलों और कॉलेजों में चिट्टा एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाएं।

डिस्पैच———विकास ठाकुर

<u>मौसम</u>

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम साफ बना हुआ है। प्रदेश में भीषण गर्मी का दौरा जारी है। खासकर राज्य के मैदानी जिलों ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगडा, सोलन और सिरमौर के अलग–अलग स्थानों पर लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलो में बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जबकि अन्य जिलो में येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————